Schedule XLII-High Court No.(J) 9[Old(M)164]

FORM OF ORDER SHEET

## IN THE COURT OF THE DIVISIONAL COMMISSIONER, KOSHI (SAHARSA)

**[Arbitration Case No.-143/2023]**

**Anjali Gupta..........................................................Petitioner.**

**Versus**

**The State of Bihar ..................................................Opposite Parties.**

| Serial No. | Date of order of proceeding. | Order with signature of the court. | Office action taken with date |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
|  | **13.06.2025** |  |  |

## आदेश

प्रस्तुत वाद सहरसा जिलान्तर्गत मौजा-सोनवर्षा, अंचल-सोनवर्षा राज, जिला-सहरसा अंतर्गत स्थित भूमि जिसे विभाग (अधियाची प्राधिकार) द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग-107 (महेशखुँट-सोनवर्षा राज-सहरसा-मधेपुरा-पुर्णियाँ खण्ड) (कि0मी0 30.150 से कि0मी0 83.750 तक) के चौड़ीकरण परियोजना हेतु अर्जित किये जाने के आलोक में निर्धारित मूल्य से कम मुआवजा राशि दिये जाने के विरूद्ध राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 की धारा 3G(5) के अंतर्गत दायर किया गया है। Petitioner द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना में दायर रिट याचिका संख्या-3788/2019 में दिनांक 16.08.2023 को पारित आदेश के अनुसार दायर Arbitration वाद का निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निदेश प्राप्त है।

अर्जित भूमि/भूमि अर्जन की विवरणी निम्नवत हैः-

| मौजा/ थाना | खाता/ खेसरा | रकवा (ए0) | भूमि की प्रकृति | Date of 3A | Date of 3D | दर (प्रति ए0) | कुल मुआवजा | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सोनवर्षा/ 11 | 696/ 920 | 0.0643 | कृषि | 6.5.2015 | 2.5.2016 | 980898 | 46,41, 290/- | वाद सं0-04/ 2014-15 |

दिनांक-30.05.2025 को उभय पक्ष के Final Argument को सुना। अभिलेख, वाद पत्र, DLAO, Saharsa तथा PD, NHAI का जवाब एवं अन्य संलग्न कागजातों का अवलोकन किया।

Petitioner के विद्वान अधिवक्ता का कहना है कि उपरोक्त वर्णित परियोजना (NH-107 चौड़ीकरण) हेतु Petitioner की उपरोक्त वर्णित जमीन (कुल रकवा-0.0643 ए0) अधिग्रहित कर पंचाट संख्या 6 श्रीमती अंजली गुप्ता के नाम से निर्गत किया गया। इस पंचाट को आवेदिका आपत्ति के साथ प्राप्त की थी। उनका आगे यह कहना है कि श्रीमती अंजलि गुप्ता एवं श्री शंकर प्रसाद चौधरी पति-पत्नी हैं और रोहित चौधरी उनका पुत्र है। इन्होंने अपने व्यवसाय को चलाने हेतु अलग-अलग समय में विविध केवाला द्वारा भूमि का क्रय किए तथा ये सभी खाता एवं खेसरा की भूमि आपस में सटे हुए एवं चौहद्दी में थे। जिनका कुल रकवा-51.55 डी0 से अधिक है। इस भूमि पर बैंक लोन से 22,500 वर्गफीट का पक्की दीवाल एवं टीन शेड का गोदाम अनाज, खाद-बीज इत्यादि के भंडारण हेतु बनवाया था। इनके कुल 51.55 डी0 भूमि के अधिग्रहण हेतु 6 पंचाट निर्गत किए गए। पंचाट संख्या 32, 33, 34, 35 में भूमि का किस्म आवासीय है इसमें से पंचाट संख्या 32 एवं 33 में खेसरा 920 की ही जमीन है। लेकिन पंचाट संख्या 6 जो खेसरा 920 की ही जमीन है और संरचना युक्त है इसका किस्म कृषि निर्धारित कर मुआवजा राशि का निर्धारण किया गया। पंचाट संख्या 8 के खेसरा संख्या 923 की जमीन भी संरचना युक्त है। लेकिन इसके जमीन का किस्म कृषि निर्धारित कर मुआवजा राशि की गणना की गई है। तथा यह कि प्रश्नगत अर्जित भूमि का किस्म व्यवसायिक श्रेणी का किया जाय तथा अधिग्रहित जमीन पर स्थित गोदाम संरचना के संपूर्ण मुआवजा की गणना कर मुआवजा राशि (Compensation Amount) भुगतान हेतु आदेश पारित किया जाय।

आयुक्त न्यायालय कोशी प्रमण्डल, सहरसा सत्यमेव जयते



P-

